

दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 264 बुधवार 17 अप्रैल 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

सिद्धिदात्री– मां दुर्गा की नौवीं शक्ति

मां दुर्गाजी की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्रि–पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि–विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। ब्रह्मांड पर पूर्ण विजय प्राप्त करने की सामर्थ्य उसमें आ जाती है। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व– ये आठ सिद्धियां होती हैं। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है।

इनके नाम इस प्रकार हैं –

1. अणिमा 2. लघिमा 3. प्राप्ति 4. प्राकाम्य 5. महिमा 6. ईशित्व,वाशित्व 7. सर्वकामावसायिता 8. सर्वज्ञत्व 9. दूरश्रवण 10. परकायप्रवेशन 11. वाक्सिद्धि 12. कल्पवृक्षत्व 13. सृष्टि 14. संहारकरणसामर्थ्य 15. अमरत्व 16. सर्वन्यायकत्व 17. भावना 18. सिद्धि

मां सिद्धिदात्री भक्तों और साधकों को ये सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। देवीपुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था। इनकी अनुकम्पा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण वे लोक में 'अर्धनारीश्वर' नाम से प्रसिद्ध हुए।

मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली हैं। इनका वाहन सिंह है। ये कमल पुष्प पर भी आसीन होती हैं। इनकी दाहिनी तरफ के नीचे वाले हाथ में कमलपुष्प है। प्रत्येक मनुष्य का यह कर्तव्य है कि वह मां सिद्धिदात्री की कृपा प्राप्त करने का निरंतर प्रयत्न करें। उनकी आराधना की ओर अग्रसर हो।

चैत्र रामनवमी के शुभ अवसर पर दैनिक भारतीय बस्ती के पाठकों, शुभेच्छुओं, वितरकों सहित जन–जन को हार्दिक शुभकामना–सम्पादक

सूचना

चैत्र रामनवमी पर्व पर भारतीय बस्ती प्रेस एवं कार्यालय 17 अप्रैल को बंद रहेगा। आगामी अंक 19 अप्रैल 2024 को प्रकाशित होगा।

– व्यवस्थापक

निधन पर शोक

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था के जिला मंत्री परमात्मा प्रसाद के निधन पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद बस्ती के कार्यालय पर जिला अध्यक्ष जलालुद्दीन कुरैशी की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित कर उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जलालुद्दीन कुरैशी ने कहा, कि स्वर्गीय परमात्मा प्रसाद, मृदुल भाषी व्यक्तित्व के व्यक्ति थे हमेशा संगठन के प्रति उनकी निष्ठा बरकरार रहती थी, उनके ना रहने से संगठन के आपूर्णतनीय क्षति हुई है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष मस्तराम वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम आधार पाल, मंत्री तौलू प्रसाद एवं उपाध्यक्ष अखिलेश पाठक ने भी परिषद में उनके कई वर्षों तक कोषाध्यक्ष के पद पर कार्य करने की सराहना करते हुए श्री बर्मा ने कहा कि वे संगठन के निष्ठावान व्यक्ति थे। लालचंद वर्मा, धुव चंद मिश्र, हरी रामपाल, एवं रमेश चंद श्रीवास्तव, ओरीलाल राधेश्याम श्रीवास्तव, अशफाक अहमद ,कार्यालय सचिव गौरी शंकर आदि ने परमात्मा प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 29 नक्सली ढेर: हथियारों का जखीरा बरामद

कांकेर (आभा)। कांकेर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड़ में 29 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। वहीं दो जवानों के घायल होने की जानकारी मिल रही है। छोटे बेठिया थानाक्षेत्र के माड़ इलाके में मुठभेड़ चल रही है। घायल जवानों को जंगल से निकालने के लिए अतिरिक्त बल रवाना किया गया है। एसपी कल्याण एलिसेला ने इस पूरे मामले की जानकारी दी है।

एंटी नक्सल आपरेशन में निकले जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ अभी भी जारी है, इस मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए हैं। कांकेर एसपी आइके एलिसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

मुठभेड़ में 29 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की एसपी कल्याण एलीसेला ने की पुष्टि की है। एसपी ने जानकारी देते हुए कहा कि टॉप नक्सल कमांडर शंकर राव मारा गया है। शंकर राव 25 लाख का इनामी था। मुठभेड़ में 4 एके 47 रायफल समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गये हैं। मारे गए नक्सलियों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है।

मुठभेड़ में बीएसएफ इंस्पेक्टर समेत तीन जवान घायल हुए हैं। इनमें दो डीआरजी के जवान बताये जा रहे हैं। घायल जवानों को लाने

के लिए चॉपर भेजा गया है। बता दें कि दूसरे चरण में 26 अप्रैल को कांकेर में लोकसभा चुनाव होने हैं। उसके पहले ये बड़ी मुठभेड़ हुई है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि छोटेबेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीनागुंडा और कोरोनार गांवों के बीच हापाटोला जंगल में दोपहर करीब 2 बजे गोलीबारी हुई, जब सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राज्य के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी। आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने कहा कि कांकेर के छोटेबेठिया में मुठभेड़ स्थल से 18 नक्सलियों के शव बरामद हुए। ऑपरेशन में 3 जवान घायल हो गए। सर्च ऑपरेशन चल रहा है। इसे इलाके के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियानों में से एक के रूप में देखा जा सकता है। वरिष्ठ नक्सली शंकर, ललिता, राजू की मौजूदगी की सूचना के बाद ऑपरेशन चलाया गया।

सुप्रीम कोर्ट में योग गुरु बाबा रामदेव ने सार्वजनिक माफी मांगने का प्रस्ताव दिया

नई दिल्ली (आभा)। पतंजलि आयुर्वेद के मुखिया और योग गुरु बाबा रामदेव ने सार्वजनिक माफी मांगने का प्रस्ताव दिया है। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव के वकीलों ने यह प्रस्ताव रखा। इसके बाद अदालत ने उन्हें एक सप्ताह का मौका दिया है और अब अगली सुनवाई 23 अप्रैल को तय की है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि हम सार्वजनिक माफी मांगने के लिए तैयार हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम दुख व्यक्त करना चाहते हैं कि जो हुआ, वह गलत था। उन्होंने कहा कि हमने दावा किया था कि हमारे पास कोरोना से निपटने की एक वैकल्पिक दवा भी है।

सुप्रीम कोर्ट की बेंच में शामिल जस्टिस हिमा कोहली ने हिंदी में ही बाबा रामदेव से पूछा, 'आपने जो किया है, कोर्ट के विरुद्ध किया है। क्या वह सही है?' इसके जवाब में रामदेव ने कहा, 'जज साहिबा, मैं इतना कहना चाहता हूं कि जो भी हमसे भूल हुई है, उसके लिए हम बिना शर्त माफी मांगते हैं।' इस पर



जस्टिस हिमा कोहली ने कहा कि हम आपके रवैये की बात कर रहे हैं। जजों ने इस दौरान बाबा रामदेव की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस करके एलोपैथी पर सवाल उठाने पर भी आपत्ति जताई। जस्टिस हिमा कोहली ने कहा, 'आपको लगा कि आप प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। हमारे देश में सब सभी का प्रयोग करते हैं। सिर्फ आयुर्वेद का नहीं।' बेंच ने बाबा रामदेव से कोरोनिल दवा से कोरोना समाप्त होने के विज्ञापन को लेकर पूछा कि आखिरी ऐड कब जारी हुआ था। इस पर जवाब दिया गया कि फरवरी में ही आया था। फिर जजों ने पूछा कि ऐसा क्यों हुआ, जबकि आपको पहले ही चेतावनी दी गई थी। इस पर बाबा रामदेव ने कहा कि हमें कानून की उतनी समझ नहीं है। हम आगे से याद रखेंगे और ऐसी गलती नहीं होगी। यही नहीं इस दौरान आचार्य बालकृष्ण ने भी माना कि यह गलती थी। उन्होंने कहा कि कानूनन हमें नहीं करना चाहिए था। इस पर जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा, ' आप किसी दूसरे पर उंगली नहीं उठा सकते। कैसे आप किसी दूसरे को नीचा दिखा सकते हैं।'

विवाह से पहले युवती ने जान दिया

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जननद में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां शादी से 10 दिन पहले दुल्हन ने पेड़ के डाल पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब इस बात की भनक उसके होने वाले दूल्हे को मिली तो उसके भी शादी के सारे अरमान धरे के धरे रह गए। उधर, युवती के खुदकुशी की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी के मुताबिक युवती इस रिश्ते से खुश नहीं थी। ये घटना पलहनापुर गांव का है। संतोष कन्नौजिया की 22 साल की बेटी रीना का शव दोपहर एक पेड़ पर रस्सी से बने फंदे से लटकता मिला। गांव के एक व्यक्ति ने शव को लटकता देख मृतका के घरवालों को इसकी सूचना दी। जानकारी होने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक युवती ने आत्महत्या की है। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। युवती की 26 अप्रैल को बारात आनी थी। शादी से पहले युवती के इस खौफनाक कदम से परिजन सदमे में हैं। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि युवती की शादी जहां तय हुई थी वह रिश्ता उसे मंजूर नहीं था।

29 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

मुंडेरवा (बस्ती)। मंगलवार दोपहर मे बोदवल ग्राम पंचायत के पूर्वी सीवान के पास आग लग गयी।आग लगने से 13,14लोगों की 29 बीघा गेहूं की फसल और भूसा बनाने के लिए डंठल जल गया।ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग को आगे बढ़ने से रोक दिया नहीं तो और नुकसान हो सकता था।

बोदवल गांव पूर्वी सीवान में मगलवार को दोपहर मे अज्ञात कारणों से आग लग गयी।आग लगने से दीनानाथ, रामदयाल, सुनील, इबारत, राधेश्याम, अकबाल, रविन्द्र, इन्दल यादव, प्रेम चन्द्र, ओमकार, दिग्विजय, निरंकार, सहित अन्य लोगों का29 बीघा गेहूं का फसल और भूसा बनाने के लिए डंठल काफी मात्रा मे जल गया।आग पर काबू पाने के लिए बोदवल, लोहदर,छपिया के ग्रामीणों के कड़ी मसक्कत के बाद आग को आगे बढने से रोका जा सका।फायर विग्रेड की गाड़ी काफी लेट पहुची उससे पहले ही ग्रामीणों ने काफी हद तक आग पर काबू पा लिया था।

वीवीपैट स्लिप पर हुई सुनवाई

नई दिल्ली (आभा)। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मतदान के दौरान हर वोटर को वेरिफिकेशन के लिए वीवीपैट स्लिप दिए जाने की मांग वाली अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने कहा कि जब सीक्रेट बैलेट से वोटिंग होती थी, तब भी समस्याएं हुआ करती थीं। बेंच में शामिल जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, 'हम अपनी जिंदगी के छठे दशक में हैं। हम सभी जानते हैं कि जब बैलेट पेपर्स से मतदान होता था तो क्या स्थिति थी। आप भूल गए होंगे, पर हमें सब कुछ याद है।इ जस्टिस संजीव खन्ना ने एडीआर की ओर से अर्जी दाखिल करने वाले प्रशांत भूषण की ओर मुखातिब होते यह बात कही।

मतदाताओं को सौंपा आमंत्रण पत्र

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

कुदरहा, (बस्ती)। खंड विकास कार्यालय पर मंगलवार को ब्लॉक कर्मियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। खंड विकास अधिकारी खंड विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। साथ ही साथ कस्बे मे लोगो को आमंत्रण पत्र देकर 25 मई को मतदान करने की अपील की।

खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार पंकज, एडीओ पंचायत सुभाष, मनोज चतुर्वेदी दीपक बृजेश दुबे, राजेश सिंह सहित तमाम कर्मचारियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर कुदरहा बाजार में दुकानदारों व बाजार में आए लोगों को आमंत्रण पत्र दिया और लोगों को लोकतंत्र में मताधिकार के प्रयोग के बारे में बताया। साथ ही साथ 25 मई को अपने अपने बूथ पर जा कर मताधिकार का प्रयोग करने को कहा।

रैली में गोरख यादव, कुलदीप यादव, महेंद्र यादव, शैलेंद्र राव, घनश्याम यादव, रवि पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

आम आदमी पार्टी ने दिया इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी को समर्थन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। मंगलवार को बड़े बन के निकट स्थित एक रेस्टोरेन्ट में पत्रकारों से बातचीत में आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष डा. राम सुभाष वर्मा ने बस्ती लोकसभा 61 से इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी को पार्टी के समर्थन की घोषणा किया।

पत्रकारों से बातचीत में आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष डा. राम सुभाष वर्मा ने भाजपा के संकल्प पत्र को जुमला बताते हुये कहा कि पिछले 10 वर्षो में मंहगाई, बेरोजगारी चरम पर है और 400 का सिलेन्डर 1200 का हो गया, आटा, दाल, दूध, पेट्रोल, डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं। कहा कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के निर्देश पर आप कार्यकर्ता इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी की जीत सुनिश्चित करने के लिये पूरी ताकत झोंक देंगे।

एक रेस्टोरेन्ट में पत्रकारों से बातचीत के दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव कुलदीप जायसवाल, मिथलेश भारती, चन्द्रभान कन्नौजिया, फिरदौस अहमद, राम सजन सूर्यबंशी , प्रेमचन्द्र चौधरी, उमेश कुमार शर्मा, वीरेन्द्र यादव, अब्दुल कयूम, शैलेश यादव के साथ ही अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यू इकरा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने ईद मिलन समारोह में दिया भाईचारे का संदेश

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। मंगलवार को न्यू इकरा पब्लिक स्कूल रहमतगंज गांधीनगर में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया । बच्चों ने आपस में गले मिलकर ईद मनाई सबको ईद मुबारक बोला और सेवइयां खाने के साथ समोसे और छोले का भी लुत्फ लिया । उनके चेहरों पर ईद की मुस्कान थी।

इस मौके पर प्रबंधक डा. अजीज आलम एवं डायरेक्टर अयाज अहमद के द्वारा बच्चों को ईदी भी दी गई । कहा ईद का त्यौहार तीस दिन के रोजे रखने के बाद परवरदिगार की तरफ से उपहार है । ईद का असली संदेश आपसी भाई चारा बढ़ाना और देश प्रदेश में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना है । उन्होंने बच्चो से कहा त्योहार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मानना चाहिए । आपका मुख्य उद्देश्य अच्छी शिक्षा ग्रहण करके अपना और स्कूल के साथ–साथ देश का नाम रोशन करना होना चाहिए । इस मौके पर देश में अमन शांति और तरक्की के लिए दुआ भी की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रिंसिपल जेबा शाहीन, तस्लीम मैम, जैनब मैम, अजरा मैम,सनोवार मैम , राजिया सुल्ताना मैम, अयमन सर, नबीला मैम, अंबरी मैम, सफीना मैम,अफसाना मैम , कुटबुद्दीन सर ,हाफिज शहादत और हाफिज बदरे आलम मौजूद रहे।

अतीक की बेनामी संपत्तियों को जब्त करेगी ईडी और एसटीएफ

लखनऊ (आभा)। माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के एक साल हो गए हैं। पुलिस दोनों की मौत से पहले से गैंग के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों व बेनामी संपत्तियों को जब्त करने में लगी थी, लेकिन अभी भी बेनामी संपत्तियों का खुलासा हो रहा है। दलितों के नाम जमीन खरीद कर प्लॉटिंग चल रही थी। प्रयागराज पुलिस ने इन बेनामी संपत्तियों को जब्त करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय के दिल्ली स्थित एसटीएफ और इनकम टैक्स को पत्राचार किया है। प्रयागराज पुलिस ने हुबलाल के नाम से 12 करोड़ से अधिक की प्रॉपर्टी का पता लगाकर उसे गैंगस्टर एक्ट में कुर्क किया था। इसके बाद पता चला कि गंगापार और यमुनापार में एक और दलित व्यक्ति के नाम से खेल हुआ है।

पुलिस ने श्यामजी सरोज के नाम से करोड़ों की संपत्ति का पता

लगाया। जांच में खुलासा हुआ कि एक और श्यामजीत के नाम से बेनामी प्रॉपर्टी बनाई गई है। डीसीपी नगर दीपक भूकर ने बताया कि बेनामी संपत्तियों की ईडी की एसटीएफ जांच कर रही है। ईडी और इनकम टैक्स को रिपोर्ट भेज दी गई है। इससे पूर्व प्रवर्तन निदेशालय की प्रयागराज शाखा ने अतीक एंड कंपनी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज करके अतीक की करोड़ों की प्रॉपर्टी को अटैच किया था। अतीक के 11 बैंक खातों को सीज किया। अतीक की हत्या से पहले अप्रैल 2023 में ईडी टीम ने अतीक अहमद के आर्थिक मददगारों के 15 ठिकानों पर छापामारी की थी।

बिल्डर संजीव अग्रवाल, अमितदीप मोटर्स के मालिक दीपक भार्गव, करेली में बिल्डर काली, मोहसिन, सीए सबीह अहमद, अतीक के अधिवक्ता खान हनीफ सौलत, खालिद जफर, लूकरगंज में सीताराम शुक्ला, करेली में पूर्व विधायक आसिफ जाफरी और कौशाम्बी में वदूद अहमद के घर पर छापामारी की थी। जांच के दौरान 100 करोड़ से अधिक की प्रॉपर्टी के पेपर मिले थे। इसके अलावा विदेशी करेंसी, हीरे और सोने के गहने ईडी ने बरामद किए थे। अगले चरण में बिल्डर अमित गोयल के कार्यालय और बिल्डर अतुल के यहां छापामारी करके कागजात बरामद किए। इनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई के लिए केस को प्रयागराज से ईडी की दिल्ली एसटीएफ को सौंप दिया गया।

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में यूपी के आदित्य श्रीवास्तव की ऑल इंडिया पहली रैंक

नई दिल्ली (आभा)। संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया है। उत्तर प्रदेश के आदित्य श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया पहली रैंक हासिल की है। आदित्य पहले भी यूपीएससी की सीएसई परीक्षा पास कर चुके हैं और फिलहाल आईपीएस अफसर हैं। वहीं इस परीक्षा में अनिमेश प्रधान ने दूसरी जबकि डोनुरु अनन्या रेड्डी ने तीसरी रैंक हासिल की है।

लखनऊ के आदित्य बने टॉपर

इस साल यूपीएससी फाइनल रिजल्ट में आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। आदित्य भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में तैनात हैं। वो लखनऊ के अलीगंज में रहते हैं। आदित्य सिटी मोंटेसरी स्कूल (सीएमएस) के छात्र रहे हैं। उन्होंने 2019 में आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की।

यूपीएससी टॉपर बने आदित्य ने प्राइवेट नौकरी की है। वह आईआईटी कानपुर में शो मैनेजमेंट के प्रमुख रह चुके हैं। उन्होंने मई 2017 से जुलाई 2017 के बीच हरियाणा के गुरुग्राम स्थित अमेरिकन एक्सप्रेस इंडिया कंपस में बतौर प्रशिक्षु काम किया है। इसके बाद जून 2019 से अक्तूबर 2020 तक बैंगलोर की गोल्डमैन सैक्स कंपनी में एनालिस्ट रहे। वहीं नवंबर 2023 से आदित्य यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में चयन हुआ। अब उन्होंने एक बार फिर यह परीक्षा पास और टॉपर बने।

यूपीएससी फाइनल रिजल्ट में दूसरे नंबर पर ओडिशा के अनिमेश प्रधान हैं। अनिमेश अभी इंडियन ऑयल कॉर्प लिमिटेड में ग्रेड 'ए' के अधिकारी हैं। वह इंडियन ऑयल की रणनीतिक सूचना प्रणाली में सूचना प्रणाली अधिकारी हैं। अनिमेश प्रतिस्पर्धी प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और जैव–सूचना विज्ञान जैसे विषयों में खासी रूचि रखते हैं।

अनिमेश प्रधान ने ओडिशा में महिन्द्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल, एमसीएल, कलिंगा एरिया से 12वीं की पढ़ाई की। इसके बाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) राउरकेला से 2021 में कंप्यूटर साइंस से बीटेक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद जुलाई 2021 से अगस्त 2021 तक पुणे के वेरिटास टेक्नोलॉजीज एलएलसी में बतौर एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर काम किया।

2023 यूपीएससी फाइनल रिजल्ट में तीसरी टॉपर डोनुरु अनन्या रेड्डी हैं। वह रेड्डी तेलंगाना के महबूबनगर की रहने वाली हैं। अनन्या ने अपने पहले प्रयास में ही यूपीएससी की परीक्षा पास की है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस से भूगोल में स्नातक की डिग्री हासिल की है।

अनन्या ने मीडिया को बताया कि अपनी डिग्री की पढ़ाई के दौरान उन्होंने सिविल पर ध्यान केंद्रित किया। इसलिए दिन में 12 से 14 घंटे मेहनत से पढ़ाई की। वैकल्पिक विषय के रूप में मानव विज्ञान को चुना। इसके लिए हलपदला हैदराबाद में कोचिंग ली और जमकर पढ़ाई की। अनन्या कहती हैं कि उन्हें इन नतीजों में तीसरी रैंक की उम्मीद नहीं थी।

"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेडेल फिलिप्स

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 17 अप्रैल 2024 बुधवार

सम्पादकीय

चुनावी घोषणा पत्र

चुनावी घोषणा पत्रों को यदि राजनीतिक दलों ने पूरा किया होता तो परिदृश्य ही अलग होता। कांग्रेस द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जारी करने के बाद अब सत्तारूढ़ भाजपा ने भी अपना संकल्प पत्र जारी किया है। पार्टी ने वंचित समाज को केंद्र में रखकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को अपने संकल्प पत्र को जारी करने के दिन के रूप में चुना। संदेश देने का प्रयास किया कि उसे देश के वंचित समाज के अहसासों की फिक्र है। दो कार्यकालों की रीति–नीतियों के अनुरूप अंदाजा लगाना कठिन न था कि भाजपा के घोषणापत्र का खाका क्या होगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पार्टी प्रधानमंत्री की छवि और पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर चुनावी मैदान में है। इस घोषणापत्र में नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की बानगी नजर आती है। ऐसे वक्त में जब पिछले कार्यकालों में भाजपा अपने दो मुख्य मुद्दों अनुच्छेद 370 हटाने व राममंदिर बनाने के वायदे को पूरा कर चुकी है तो जाहिर है नागरिक संहिता का मुद्दा उसकी प्राथमिकता में होना ही था। जो, इस घोषणा पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित है। इसके अलावा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में एक देश एक चुनाव, गरीबों को पांच साल तक मुफ्त राशन, सत्तर साल से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा, तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना, पेपर लीक रोकने के लिए कड़ा कानून लाना, तीन करोड़ गरीबों को घर उपलब्ध कराना, बीस लाख तक का मुद्रा लोन उपलब्ध कराना, किसान निधि को जारी रखना आदि के वायदे किए हैं। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि भाजपा ने 2019 के घोषणापत्र में भी यूसीसी, साठ साल से अधिक के दुकानदारों व किसानों को पेंशन, एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसे वायदे किये थे। हालांकि, ऐसी तमाम योजनाओं को लेकर 'मोदी की गारंटी' का दावा पार्टी की तरफ से किया जाता रहा है। ये आने वाला वक्त बताएगा कि पार्टी किस हद तक अपने वायदों को हकीकत में बदल पाने में सक्षम होती है। जो उसे मिले जनादेश के आकार पर भी निर्भर करेगा।

बहरहाल, अब किसी दल का संकल्प पत्र हो या न्याय पत्र, इसमें किये गये वायदों की तार्किकता पर विचार किया जाना जरूरी है। हाल के वर्षों में राजनीतिक दलों ने वायदों के रूप में जितने जुमले उछाले हैं, उनसे जनता का लगातार मोहभंग होता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि हमारे संसाधन सीमित हैं। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था की सीमाओं के मद्देनजर ही राजनीतिक दलों को अपने वायदों को घोषणापत्र के रूप में सामने रखना चाहिए। देश की तरक्की मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से नहीं हो सकती। हमारी नीतियां देश में उत्पादकता बढ़ाने वाली होनी चाहिए। हम कमजोर वर्गों का ध्यान रखें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को प्राथमिकता बनायें। सभी राजनीतिक दलों को देश की मुख्य समस्याओं बेरोजगारी, अशिक्षा, महंगाई दूर करने तथा स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने पर जोर देना चाहिए। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बड़े सामाजिक वर्ग के लिये लायी जाने वाली बीमा योजना से लक्षित समाज के बजाय बीमा कंपनियां मालामाल होती रही हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में निजी चिकित्सालयों के लिये ये बीमा योजनाएं कामधेनु बन रही हैं। सभी राजनीतिक दलों को देश के प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों से लेकर प्राथमिक स्कूलों तक को सशक्त करने का प्रयास करना चाहिए। भारत विविधता की संस्कृति का देश है। सामाजिक समरसता के लिये जरूरी है कि जाति, धर्म व क्षेत्र से परे विकास के लक्ष्य तैयार किये जाएं। राजनीतिक दलों को इस युवाओं के देश के लिये ऐसी क्रांतिकारी योजनाएं लाने की जरूरत है जो हर हाथ को काम दे सके। आखिर क्यों हमारी युवा पीढ़ी में विदेश भागने की होड़ लगी है। हम उन्हें देश में अनुकूल शिक्षा व बेहतर रोजगार की स्थितियां उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें एजेंटों के माध्यम से लुटने–पिटने को मजबूर न होना पड़े। पर्यावरण का संकट हमारे देश के सामने लगातार चुनौती पैदा कर रहा है। जहरीली हवाएं जानलेवा साबित हो रही हैं। बेहतर हो कि राजनीतिक दल आम आदमी से जुड़े मुद्दों को अपने न्याय व संकल्प पत्रों में केंद्र में रखें।

बेरुखी छोड़ किसानों की सुनिये तो सरकार



–देविंदर शर्मा–

पंजाब और हरियाणा में, जो किसानों के विरोध का केंद्र है, आंदोलित किसान गांवों में सत्ताधारी पार्टी के उम्मीदवारों के प्रवेश को रोक रहे हैं, जिससे भाजपा उम्मीदवारों को वोट मांगने में मुश्किल पैदा हो रही है। वे अक्सर कहते हैं– 'अगर आपने नई दिल्ली जाने का हमारा रास्ता रोका, तो हम अपने गांवों में आपकी एंट्री रोक देंगे।'

इतना ही नहीं, हरियाणा में भाजपा के साथ गठबंधन सरकार बनाने वाली जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की माता नैना चौटाला ने किसानों से गुजारिश की कि उन्हें उनके बेटे के गांवों में प्रवेश को नहीं रोकना चाहिए। वहीं उन्होंने किसानों से कहा, 'भाजपा राज्य और केंद्र दोनों में सत्ता पर काबिज है। इसके अलावा, दुष्यंत ने लगातार कृषक समुदाय की वकालत की है, यहां तक घ्कि हिसार से सांसद के रूप में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान भी।' साथ ही नैना चौटाला ने मसले को हल करने के लिए बातचीत में शामिल होने के लिए उनका स्वागत किया। हिसार के नारा, गामरा, खानपुर और सिंधर गांवों में प्रचार करने पहुंचे दुष्यंत चौटाला को किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भाजपा के हिसार से उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला को किसानों के एक समूह से भिड़ने के बाद एक गांव में एक सभा बीच में ही छोड़नी पड़ी और चुनाव संबंधी एक अन्य कार्यक्रम भी रद्द करना पड़ा। सिरसा से चुनाव लड़ रहे अशोक तंवर को भी अपने प्रचार के दौरान किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा है।

बीजेपी सांसद और रोहतक से उम्मीदवार अरविंद शर्मा को कोसली विधानसभा क्षेत्र के एक गांव से कार्यक्रम छोड़कर जाना पड़ा क्योंकि स्थानीय लोगों ने उनकी बात सुनने से इनकार कर दिया। उनके दौरों के कई वीडियो में दिखाया गया है कि किस तरह से ग्रामीणों ने नेताओं के साथ धक्का–मुक्की और कटाक्ष किये, जिसके बाद तीखी नोकझोंक हुई और कई स्थानों पर उम्मीदवारों को पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। मिसाल के तौर पर, सोनीपत से उम्मीदवार मोहन लाल बडोली को जींद जिले में कुछ स्थानों पर इसी तरह का विरोध झेलना पड़ा। वहीं वीडियो विलप से पता चलता है कि कैसे गुस्साए किसानों की रणजीत चौटाला के साथ तीखी बहस हुई। कई नेताओं ने तो ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के उन गांवों को नजरअंदाज कर दिया जहां उन्हें विरोध होने का डर है।

पड़ोसी पंजाब में, भाजपा उम्मीदवार हंस राज हंस को बठिंडा के पास रामपुरा फूल में किसानों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। जहां पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए बैरियर लगाए थे, वहीं पुलिस के साथ झड़प हो गई। इसी तरह पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह की पत्नी प्रणीत कौर को भी किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिका में पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू जो अब अमृतसर सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, को भी अपने चुनाव अभियान के दौरान नारेबाजी करने वाले किसानों का सामना करना पड़ा। वास्तव में, समाचार रिपोर्टों में कहा गया है कि किसानों ने करीब 60 गांवों में भाजपा उम्मीदवारों के प्रवेश को रोक दिया है। किसान नेताओं का कहना है कि उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से उन वायदों के बारे में सवाल करने को कहा है जो अधूरे रह गए। उनका दावा है कि इस तरह के विरोध प्रदर्शन पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों और कुछ हद तक राजस्थान में हो रहे हैं। कई गांवों में तो भाजपा प्रत्याशियों के प्रवेश पर प्रतिबंध के बोर्ड लग गए हैं।

जहां भाजपा इन विरोध प्रदर्शनों के आयोजन के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी यानी आप को जिम्मेदार ठहरा रही है, वहीं आप उम्मीदवारों को भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। फसल में हुए नुकसान का मुआवजा न मिलने पर किसान आम आदमी पार्टी के बठिंडा शहरी विधायक के आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। जबकि भाजपा इन विरोध प्रदर्शनों को कमतर आंक रही है, लेकिन उसे चिंता हो रही है कि यहां बन रही खिलाफ़त की गति यदि इन विरोध प्रदर्शनों को अन्य राज्यों तक फैलाती है, तो क्या यह सत्तारूढ़ पार्टी की जीत की संभावनाओं को रोकने में मददगार बनेगी।

किसी भी हालत में, भारती किसान यूनियन (बीकेयू) के विभिन्न गुटों ने, जिन्होंने 2020–21 में नई दिल्ली की सीमाओं पर साल भर चले विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था, जिसके परिणामस्वरूप तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लिया गया था, उन्होंने किसानों से उम्मीदवारों का विरोध करने की अपील की है। वे उनके द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों के जवाब मांग रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने पंजाब के किसानों से भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के समक्ष सवाल उठाने की अपील की है।

सबको मालूम है कि कृषि क्षेत्र लगातार गहरा रहे खेती के संकट से जूझ रहा है। लेकिन किसानों का गुस्सा काफी हद तक काहिली और निष्ठुरता के परिणामस्वरूप पैदा उदासीनता को लेकर है। हर चुनाव दृ चाहे राज्य स्तर पर हो या केंद्र स्तर पर दृ किसानों को लुभाने के लिए बहुत सारे वादे किए जाते हैं। साल 2014 में, यह आम तौर पर स्वीकार किया जाता है कि जब नरेंद्र मोदी ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने का वादा किया था, तो किसानों ने भाजपा के पक्ष में भारी मतदान किया था। उन्होंने स्वामीनाथन आयोग द्वारा सुझाए गए एमएसपी नुस्खे का पालन करने की आवश्यकता पर स्पष्ट रूप से बात की थी। लेकिन, किसान यूनियनों का कहना है कि एक बार सत्ता में आने के बाद, सरकार ने वास्तव में सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर किया था जिसमें कहा गया कि एमएसपी को कानूनी बनाना संभव नहीं है क्योंकि यह बाजारों की व्यवस्था बिगाड़ देगा।

जिस तरह से तीन कथित 'काले' कृषि कानून पेश किए गए और फिर संसद के जरिये पारित किए गए, उससे भी किसान समुदाय नाराज है। लंबे समय तक चले विरोध के बाद आखिरकार कानूनों को वापस ले लिया गया। लेकिन अभी भी पिछले दरवाजे से इन कानूनों को वापस लाने की कोशिश की जा रही है। इससे भी बदतर, नई दिल्ली तक किसानों के मार्च को रोकने के लिए हाईवे की किलेबंदी के हालिया प्रयास, और आंदोलनकारी किसानों पर आंसू गैस के गोले फेंकने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करने से किसानों की पीड़ा बढ़ गयी है। गांवों में नेताओं की एंट्री रोककर किसान समूहों द्वारा की गयी प्रतिक्रिया उनके साथ हो रहे अनुचित व्यवहार पर बढ़ते आक्रोश का प्रतिबिंब है।

जबकि चुनाव प्रचार अभियान के लिए आने वाले उम्मीदवारों से सवाल करना एक वैध लोकतांत्रिक तरीका है लेकिन इसके लिए बलप्रयोग का निश्चित तौर पर समर्थन नहीं करना चाहिये। किसानों को ही अकेले दोषी नहीं ठहराया जा सकता है जब सरकार ने भी जुलूस के रूप में नयी दिल्ली जा रहे किसानों के रास्ते में बैरिकेड लगा दिये थे। यह केवल भारत में ही है कि किसानों को हरियाणा के बॉर्डर्स पर बलपूर्वक रोका गया जबकि यूरोप के 24 देशों में आंदोलनरत किसानों को राजधानियों तक बिना किसी रोक–टोक जाने की अनुमति दी गयी। किसानों द्वारा आधिकारिक इमारतों पर खाद बिखेरने और हाईवे पर कीचड़ डालने के बावजूद किसी जगह उन पर पुलिस बर्बरता करती नजर नहीं आई। यहां तक कि यूरोप में देश के प्रमुख भी आंदोलनकारी किसानों से मिले और सार्वजनिक तौर पर कहा कि किसानों को प्रदर्शन का अधिकार है, सुने जाने का हक है। यूरोपियन कमीशन ने असके उपरांत उन पर्यावरणीय नियमों में बदलाव किये जिनके किसान खास तौर से खफा थे। फ्रांस समेत कई देश किसानों को न्यूनतम कीमत प्रदान कराने की संभावनाएं जांच रहे हैं जिससे नीचे कोई लेन–देन नहीं होगा।

भारत में भी किसानों की सुनवाई करने की आवश्यकता है। केवल किसान समुदाय के विरोध में मौजूद राजनीतिक उदासीनता की वजह से उनसे फासला बनाकर नहीं रखा जा सकता है। किसान एक गारंटीशुदा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग कर रहे हैं और ऐसा करने के लिए एक मैकेनिज्म विकसित करने की जरूरत है। आखिरकार, कितनी देर तक हम किसानों को संरचना के निचले तल पर रख सकते हैं।–लेखक कृषि एवं खाद्य विशेषज्ञ हैं।

उलझे समीकरणों में आसान नहीं है सियासी डगर

–डॉ. यश गोयल–

राजस्थान में आसन्न लोकसभा चुनावों में भले राजनीतिक दल अपने–अपने दावे कर रहे हों, लेकिन स्थितियां पिछले आम चुनाव जैसी नहीं हैं। वह बात अलग है कि 2014 और 2019 में सभी 25 सीटों पर भाजपा ने कामयाबी हासिल की थी। एक तरफ भाजपा राज्य में हैट्रिक बनाने की पूरी कोशिश कर रही है लेकिन चुनावी मैदान में उसकी राह पहले जितनी आसान भी नहीं है। इस बार 25 लोकसभा सीटों में से बारह पर आमने–सामने का चुनावी मुकाबला कांटे का होता नजर जा रहा है।

राजस्थान में आसन्न लोकसभा चुनावों में भले राजनीतिक दल अपने–अपने दावे कर रहे हों, लेकिन स्थितियां पिछले आम चुनाव जैसी नहीं हैं। वह बात अलग है कि 2014 और 2019 में सभी 25 सीटों पर भाजपा ने कामयाबी हासिल की थी। एक तरफ भाजपा राज्य में हैट्रिक बनाने की पूरी कोशिश कर रही है लेकिन चुनावी मैदान में उसकी राह पहले जितनी आसान भी नहीं है। इस बार 25 लोकसभा सीटों में से बारह पर आमने–सामने का चुनावी मुकाबला कांटे का होता नजर जा रहा है। राज्य की 12 सीटों पर पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को और 13 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है।

भाजपा के स्टार प्रचारक अपना मुख्य लक्ष्य राज्य के चार केंद्रीय मंत्रियों भूपेन्द्र यादव, अलवर, बाड़मेर में कैलाश चौधरी, जोधपुर में गजेंद्र सिंह शेखावत, बीकानेर में अर्जुन राम मेघवाल और कोटा–बूंदी लोकसभा क्षेत्रों में स्पीकर ओम बिरला पर केंद्रित कर रहे हैं। इसके अलावा 25 में से 12 सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। ये सीटें हैं बांसवाड़ा, झुंझुनू, टोंक–सवाईमाधोपुर, बाड़मेर, नागौर, कोटा–बूंदी, जालौर, सीकर, दौसा, चूरू, अलवर और जयपुर। बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर कांग्रेस असमंजस में है क्योंकि उसके उम्मीदवार अरविंद डामोर ने इंडिया ब्लॉक के भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) के उम्मीदवार व राजस्थान में मौजूदा विधायक राजकुमार रोत के समर्थन में अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। कांग्रेस और बीएपी दोनों पूरी तरह असमंजस में हैं कि क्या इंडिया गठबंधन के मानदंडों का पालन किया जाए या स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ा जाए। भाजपा बाड़मेर, झुंझुनू, चूरू, नागौर और कोटा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मुश्किल स्थिति में है, जहां पार्टी को अपने पार्टी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के लिए कोटा–बूंदी सीट पर हैट्रिक लगाना आसान नहीं होगा। हाल ही में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रहलाद गुंजल के पास बहुमत के साथ गुर्जर, मीना और अल्पसंख्यक वोट हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के अंदरूनी समर्थन द्वारा बिरला की बेचौनी बढ़ा दी है। इसी तरह चूरू में भी भाजपा की चुनावी लड़ाई कठिन राह पर है क्योंकि भाजपा के सांसद राहुल कांसवा, जिन्हें पार्टी का टिकट नहीं मिला, कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। वे पैरा–ओलंपियन देवेंद्र झाझरिया को चुनौती दे रहे हैं। भाजपा के पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, जो चूरू जिले से थे, पिछले साल विधानसभा चुनाव हार गए, उन्हें इस सीट के लिए उम्मीदवार नहीं माना गया था। उनकी इस सीट पर बड़ी निर्णायक भूमिका होगी।

नागौर लोकसभा सीट एक अन्य प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र है, जहां भाजपा के पूर्व गठबंधन सहयोगी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल, जो अब इंडिया ब्लॉक पार्टनर बन गए हैं, भाजपा की ज्योति मिर्धा, जो कांग्रेस से भाजपा में आई हैं, के लिए कड़ा चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस से टिकट की उम्मीद कर रहे निर्दलीय उम्मीदवार रवींद्र सिंह भाटी ने केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी (भाजपा) और कांग्रेस के उमेदाराम बेनीवाल के साथ बाड़मेर लोकसभा सीट को त्रिकोणीय बना दिया है। भाजपा के प्रमुख संत सुमेधानंद सरस्वती सीकर निर्वाचन क्षेत्र में सीपीआई–एम के इंडिया ब्लॉक पार्टनर अमराराम, जो कांग्रेस के खुले समर्थन वाले किसान नेता हैं और आसपास के जिलों श्रीगंगानगर और हनुमागढ़ के साथियों के खिलाफ कड़ा चुनावी अभियान चला रहे हैं।

कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपने बेटे वैभव गहलोत के लिए पिछले एक महीने से राजस्थान के पश्चिमी जिलों में चुनाव प्रचार कर रहे हैं, जो जालोर सीट पर भाजपा के नए आरएसएस प्रमुख लुंबा राम चौधरी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में वैभव जोधपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत, जो अब केंद्रीय मंत्री हैं, से 4 लाख वोटों के भारी अंतर से हार गए थे। भाजपा की जयपुर–शहर सीट भाजपा के पूर्व मंत्री भंवर लाल शर्मा की बेटी मंजू शर्मा के लिए आसान नहीं है। कांग्रेस के पूर्व मंत्री और कद्दावर युवा नेता प्रताप सिंह खाचरियावास रोजाना सड़कों और शहर में घूम–घूमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। मौजूदा सांसद बालक नाथ की जगह लेने वाले केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के मौजूदा विधायक ललित यादव के साथ आमने–सामने की लड़ाई में हैं, जो अलवर जिले के मत्स्य क्षेत्र से हैं और उन्हें यादव समुदाय का खुला समर्थन प्राप्त है। चुनावी पेचीदगियों के चलते भाजपा उम्मीदवार या तो मोदी के चेहरे या कमल के निशान पर अपनी सीटें जीतने की उम्मीद कर रहे हैं।

रामनवमी के राम

हिंदू धर्म में राम नवमी का दिन विशेष महत्व रखता है। श्रीराम के जीवन से सीख लेने के लिए काफी कुछ मिल सकता है। भगवान राम के विशेष गुण ही उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम बनाते हैं।

भगवान राम धैर्य की पराकाष्ठा सिखाते हैं। चाहे फिर वनवास हो, या फिर समुद्र से लंका के लिए रास्ता बनाने का आग्रह करना हो। जिंदगी में धैर्य यानी पेशेंस रखना बेहद जरूरी होता है, जो हर रिश्ते में काम आता है। हालांकि धैर्य के साथ–साथ श्रीराम ये भी सिखाते हैं, कि कौन–सा काम प्रेम या समझ से हो सकता है, और किस जगह धनुष की जरूरत है। इसलिए आपको भी पता होना चाहिए, कि क्रोध का सही इस्तेमाल कैसे करना है, और गैर जरूरी जगह पर इससे कैसे बचना है।

राम नवमी का पर्व इस साल 17 अप्रैल, बुधवार को मनाया जा रहा है। मान्यता है, कि इस दिन भगवान विष्णु के अवतार श्री राम का जन्म हुआ था। आज भी जब एक अच्छे पुत्र, भाई, मित्र या किसी अन्य रिश्ते की बात आती है, तो भगवान राम का जीवन लोगों को बड़ी सीख देता है।

आज भी जब दया, करुणा और उदारता की बात आती है, तो श्री राम की कोमल छवि सभी के सामने आती है। चाहे इंसान हो, पशु हो या फिर राक्षस, भगवान राम ने कभी किसी से द्वेष नहीं रखा, और हर किसी का भला ही चाहा। उन्होंने रावण को समझने का कई बार मौका दिया, जिससे युद्ध से होने वाले राक्षसों के नुकसान को टाला जा सके।

जीवन में सफल होने के लिए अपने क्षेत्र का भरपूर ज्ञान या नॉलेज होनी काफी जरूरी है। श्रीराम परम विद्वान भी थे और उन्होंने चारों वेदों का अध्ययन किया था। बता दें, अगर आप भी चार लोगों के बीच किसी भी मुद्दे पर ज्ञान के मामले में हार का सामना नहीं करना चाहते हैं, तो उनका चीजों को लेकर गहरे अध्ययन का ये गुण अपनी जिंदगी में जरूर उतार लीजिए।

भगवान राम एक–दो नहीं, अनेकों गुणों के धनी हैं। उनका स्वभाव हमेशा मित्रता का ही रहा है, जिसके चलते निषादराज, केवट और सुग्रीव ही नहीं, बल्कि लंका में रहने वाले विभीषण भी उनके परम मित्र बन गए थे। ये एक ऐसा गुण है, जो जीवन के हर पड़ाव पर आपको सफलता का रास्ता दिखाएगा, अच्छे दोस्त पास होने से आप न सिर्फ आने वाली कई मुसीबतों से पहले ही बच जाते हैं, बल्कि जिंदगी में रास्ता भटकने पर सही फैसले भी ले पाते हैं।

श्रीराम हमेशा सभी को साथ लेकर चलते दिखाई दिए हैं। उनकी इसी नेतृत्व क्षमता के चलते लंका जाने के लिए समुद्र को लांघना भी आसान हो सका। कुशल प्रबंधन या अच्छे मैनेजमेंट का ये गुण सभी की जिंदगी में जरूर होने चाहिए। उम्र के हर पड़ाव पर आपको इससे फायदा ही हाथ लगेगा, फिर चाहे आप स्टूडेंट हों, वर्किंग हों या हाउसमेकर। अच्छा नेतृत्व हर जगह काम आता है और समाज को ऐसे ही लोगों की जरूरत है। –प्रस्तुति– विजय पाण्डेय

खेत में मिली महिला की लाश, पति व उसके दोस्त पर हत्या का आरोप

संवाददाता–श्रावस्ती। मृतक के भाई ने राजेश उर्फ छोटकऊ वर्मा पुत्र समोखन व उसके दोस्त छोटकऊ यादव पर अपनी बहन की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दिया है। जिले में सहियापुर गांव स्थित प्याज के खेत में मंगलवार सुबह एक महिला की अर्धनग्न अवस्था में लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची भिनगा कोतवाली पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। मामले में मृतक के भाई ने पति व उसके दोस्त पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दिया है।

भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भिनगा लक्ष्मनपुर मार्ग से लालपुर अयोध्या को जोड़ने वाले मार्ग किनारे सहियापुर गांव स्थित है। जहां सड़क किनारे गांव निवासी हनुमान प्रसाद पुत्र तिलकराम के प्याज के खेत में मंगलवार सुबह एक महिला की अर्धनग्न अवस्था में लाश पड़ी मिली। सुबह नित्यक्रिया को गए ग्रामीणों ने शव देख इसकी सूचना ग्रामीणों सहित लक्ष्मनपुर चौकी पुलिस को दिया। सूचना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर लक्ष्मनपुर चौकी प्रभारी योगेश कुमार सिंह के साथ मौके पर पहुंचे सीओ नगर अतुल कुमार चौबे व प्रभारी निरीक्षक भिनगा ने ग्रामीणों से महिला की पहचान कराने का प्रयास किया। जिसकी पहचान कोतवाली क्षेत्र के दत्तनगर निवासी बद्री प्रसाद वर्मा की पुत्री रुषा वर्मा के रूप में हुई है।

मामले में मृतक के भाई पिंटू राम ने बहादुरपुर गांव निवासी मृतिका के पति राजेश उर्फ छोटकऊ वर्मा पुत्र समोखन व उसके दोस्त छोटकऊ यादव पर अपनी बहन की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दिया है। पुलिस ने दोनो के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक भिनगा महिमा नाथ उपाध्याय का कहना है कि हत्या का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

भाजपा ने शशांक मणि त्रिपाठी को बनाया प्रत्याशी

संवाददाता–देवरिया। लंबे समय से देवरिया में भाजपा के टिकट को लेकर चल रही अटकलों पर मंगलवार को विराम लग गया। भाजपा ने देवरिया से वर्तमान सांसद रमापति त्रिपाठी का टिकट काट दिया है। उनकी जगह पूर्व सांसद एवं सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल श्री प्रकाश मणि त्रिपाठी के बेटे शशांक मणि त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाया गया है। शशांक मणि सामाजिक कार्यकर्ता हैं और दस वर्ष से भाजपा की राजनीति से जुड़े हुए हैं। वर्ष 2019 लोकसभा एवं 2022 विधानसभा चुनाव में भी टिकट की दावेदारी की थी, अब पार्टी ने उन्हें श्रीप्रकाश मणि की राजनीतिक विरासत को संभालने का मौका दिया है। श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी देवरिया से 1996 व 1999 में भाजपा से सांसद रहे हैं। शशांक मणि स्वावलंबी भारत अभियान केंद्रीय टोली के नीति प्रमुख हैं। इनकी तीन पुस्तकें मिडिल ऑफ डॉयमंड इंडिया, भारत एक स्वार्णिम यात्रा व इंडिया काफी चर्चित हैं। आईआईटी दिल्ली से बीटेक व आईएमडी लुसान से एमबीए की पढ़ाई पूरी की।

वर्ष 2008 में शशांक मणि ने जागृति यात्रा की शुरूआत की। आगे चलकर अपने गांव बरपार में जागृति उद्यम केंद्र पूर्वांचल की नींव रखी। बैतालपुर में कॉल सेंटर की स्थापना की। आज उनकी जागृति देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर, महाराजगंज समेत पूर्वांचल के कई जिलों में उद्यम को बढावा देने का कार्य कर रही है।

चूल्हे की चिंगारी से लगी आग, मासूम बच्ची की जलकर मौत

संवाददाता–बलरामपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के मोतीपुर कलों गांव के मजरे बलोहवा में मंगलवार सुबह चूल्हे की चिंगारी से आग लग गई। गांव के कन्धई कुरील के फूस के मकान में लगी आग देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आने से चार वर्षीय बच्ची की जलकर मौत हो गई। दो लोगों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। एसडीएम सदर राजेन्द्र बहादुर ने राजस्व टीम के साथ पहुंचकर क्षति का ऑकलन किया है। उन्होंने पीड़ितों को अहेतुक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। मृत बच्ची के घर में कोहराम मचा हुआ है। मंगलवार सुबह करीब साढ़े दस बजे बलोहवा गांव निवासी कन्धई कुरील के घर में चूल्हे की चिंगारी से फूस मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में पड़ोसी राम अचल वर्मा का भी मकान आ गया। वह भी जलकर खाक हो गया। पीड़ित कन्धई कुरील ने बताया कि वह बाहर मजदूरी करने गया था। पत्नी कौशिल्या देवी भी गांव में गई थीं। खाना बनाने के बाद चूल्हे में कहीं आग रह गई थी। तेज हवा के कारण उसके फूस मकान में आग लग गई। मकान के अन्दर उसकी चार वर्षीय पुत्री ज्योती लेटी हुई थी, जो बाहर नहीं निकल सकी। आग में वह बुरी तरह झुलस गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। कन्धई की एक मोटर साइकिल व उसकी पूरी गृहस्थी आग में जल गई। पड़ोसी राम अचल की भी पूरी गृहस्थी खाक हो गई है। ग्रामीणों के मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। बच्ची की मौत के बाद से पीड़ित के घर में कोहराम मचा हुआ है। मां कौशिल्या देवी कोरो–रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर पहुंचे कोतवाली हर्रैया के प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसडीएम सदर राजेन्द्र बहादुर व सीओ ललिया ज्योति श्री ने राजस्व टीम के साथ घटना स्थल का जायजा लिया। हल्का लेखापाल महावीर नाथ, राजस्व निरीक्षक उदयराज कश्यप ने क्षति का ऑकलन कर रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी है। एसडीएम ने बताया कि पीड़ित को अहेतुक सहायता दिलाया जाएगा। चार बहनों में तीसरे नम्बर थी ज्योतिस्बलोहवा गांव में हुए अग्निकांड में जिस चार वर्षीय बच्ची ज्योति की जलकर मौत हुई है वह अपनी चार बहनों में तीसरे नम्बर पर थी।

वार्षिकोत्सव में दिखी छात्रों की प्रतिभा पुरस्कृत कर बढाया हौसला

–भारतीय बस्ती संवाददाता–रूधौली (बस्ती)। राजकीय महाविद्यालय रुधौली मे वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया । इसके बाद माधुरी और निकिता सिंह ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया । मुख्य अतिथि डा. मु. नसीर हसन और विशिष्ट अतिथि डा इफ्तेखार अहमद का माल्यापर्ण कर उनका स्वागत किया गया ।

अतिथियों के स्वागत के क्रम मे शकुंतला और प्रेमलता ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया । महाविद्यालय के लगभग समस्त छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न महमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जैसे शुभ दिन आयो रे पर रेनू ने डांस करके सबका मन मोह लिया , किशन लाल गुप्ता ने देशभक्ति गीत गया , शकुंलता देवी गीत गाकर सबका दिल जीत लिया । प्रीती और उसके टीम के द्वारा अली रे मोहे वृंदावन नीको पर प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया , सोनी ने नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया , राधा कृष्ण की अनुपम झांकी प्रस्तुत की गयी , गीता के द्वारा फिल्मी गीत प्रस्तुत किया गया जो बहुत ही मनोहर था , अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि व महाविद्यालय के प्राचार्य डा नसीर हसन ने कहा कि – हमारा महाविद्यालय इस क्षेत्र के सृजनात्मक क्यारी के मध्य खिला हुआ एक ऐसा फूलो का गुलदस्ता है जो अपने खुशबू से इस पूरे परिक्षेत्र को सुगंधित करने के लिए उत्सुक है। विभागीय परिषद द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओ के पुरस्कार विभागीय परिषद के अध्यक्ष डा.देवानंद द्वारा वितरित किया गया । क्रीड़ा प्रभारी डा.जगदीश प्रसाद जी द्वारा खेल प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

पूरे सत्र के दौरान महाविद्यालय मे नियमित उपस्थिति और महाविद्यालय के हर तरह के शैणक्षिकोत्तर क्रियकलापो मे भाग लेने के कारण इस वर्ष का स्टूडेंट आफ दा ईयर का पुरस्कार बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा रुचि सिंह और किशन लाल गुप्ता को दिया गया । विशिष्ट अतिथि मु . इफतिहार अहमद खां ने कहा कि – सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार छात्र छात्राओं की प्रतिभा निखारने के लिए है , एक विद्यार्थी महाविद्यालय की अमूल्य निधि होते है । उन्होंने छात्र छात्राओं को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि जीवन मे सफलता के लिए सही मेंटर का चुनाव करना बहुत आवश्यक है । उन्होंने छात्र छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफेसर डा.राजेश कुमा"शर्मा ने ग्रामीणाचंल मे हमाविद्यालय अदभुत शिक्षा की अलख जगा रहा है साथ ही साथ सांस्कृतिक , सामाजिक गतिविधियों मे भी अपना पचरम लहरा रहा है समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. जगदीश प्रसाद ने सभी आगंतुको के प्रति हृदय से आभार ज्ञापित किया । समस्त कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक परिषद प्रभारी डा. शैलजा और विभागीय परिषद के अध्यक्ष डा. देवानंद जी के द्वारा किया गया ।

हिंद में प्रतिवर्ष आती है नवमी राम की, राम का सुमिरन करा जाती है नवमी राम की –गणेश दास



–भारतीय बस्ती संवाददाता– अयोध्या। हिंद में प्रतिवर्ष आती है नवमी राम की, राम का सुमिरन करा जाती है नवमी राम की। मौका था प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव का श्री अवध बिहारी कुंज में पीठाधीश्वर महंत गणेश दास महाराज के सानिध्य में जन्मोत्सव मनाया जा रहा था और इस अवसर पर मंदिर परिसर का अलग ही नजारा था राजस्थान पंजाब से आए भक्तों द्वारा राजस्थानी पंजाबी नृत्य की जा रही थी मानव पूरा भारत अवध बिहारी कुंज में अपने आराध्य प्रभु श्री राम के जन्म उत्सव को मनाने के लिए उतर आया हूं। ढोलक की थाप पर विविध भाषाओं में संत महंत अपने आराध्य की आराधना कर रहे थे बधाई गीत गा रहे थे और श्री महाराज जी के साथ सभी भक्तों आनंदकंद प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव के उल्लास में नृत्य कर रहे थे ऐसा लग रहा था कि या अवसर दुबारा नहीं आएगा आनंदमई रस में जितनी बारगोटे लगाए जाए कम है। महंत गणेश दास महाराज ने बताया कि नवमी तिथि मधुमास पुनीता, सुकल पच्छ अभिजित हरिप्रीता, मध्यदिवस अति सीत न घामा,पावन काल लोक बिश्रामा उन्होंने बताया कि भगवान के आने के पहले पूरा वतावरण

नया हो जाता है और यही कारण है की चौत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को सनातनी नव वर्ष मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रतिपदा से ही नवाहपारायण पाठ के साथ बधाई गीत प्रारंभ हो गया है और इस वर्ष अयोध्या ही नहीं पूरे भारत में उल्लास है कि हमारे आराध्य प्रभुश्री राम भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं, सभी सनातनी भगवान का जन्मोत्सव मना रहे है और जो अयोध्या नहीं आ पा रहे हैं वह अपने घर में मना रहे हैं ऐसा वातावरण या तो त्रेतायुग में था या प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब लौट है।

अष्टमी के दिन भक्तों ने महागौरी की पूजा कर किया हवन

संवाददाता–बलरामपुर। नवरात्र के अष्टमी तिथि को जिले के सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने महागौरी की पूजा अर्चना की। भोर से ही श्रद्धालुगण महागौरी के दर्शन करने कतार में खड़े दिखे। वहीं सुबह नौ बजे से हवन कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जो देर शाम तक चलती रही। माता रानी के भक्तों ने सभी देवी मंदिरों समेत अपने–अपने घरों में अष्टमी तिथि पर कन्या भोज कर मां अम्बे का आशीष प्राप्त किया। सभी भक्तों ने कन्याओं को चुनरी व तिलक लगाकर उन्हें श्रद्धा भाव से हलवा, पूड़ी खिलाकर दक्षिणा दिया। जिसके बाद भक्तों ने मां जगदम्बे का दर्शन पूजन कर हवन कराकर परिवार व राष्ट्र की सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। अष्टमी के दिन महागौरी की पूजा करने के लिए शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पर भोर से ही श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लग गई थी। दूर दराज के क्षेत्रों से भारी संख्या में पहुंच महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने आदि शक्ति की पूजा अर्चना की। परंपरागत तरीके से तमाम श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में बने सूर्यकुंड में स्नान कर देवी की पूजा की। अष्टमी के दिन बच्चों का मुंडन संस्कार आदि भी लोगों ने शक्तिपीठ पर कराया। क्षेत्रीय लोगों की आस्था होती है कि वे नवरात्र के अष्टमी को अपने बच्चों का मुंडन यहां कराते हैं। मुंडन कराने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के पिछले हिस्से में व्यवस्थाएं की गई थीं। श्रद्धालुओं ने शक्तिपीठ पर लगे मेले का भी आनंद लिया। मेले में लगी प्रसाद व अन्य सामानों की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। अष्टमी के दिन भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे।

एसपी ने सोनवा बाने का निरीक्षण किया

संवाददाता–श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने मंगलवार को थाना सोनवा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय प्रभारी निरीक्षक श्यामदेव चौधरी व उप निरीक्षक शकल दीप सिंह आदि ड्यूटी पर मौजूद मिले। पहरा पर महिला आरक्षी शशि ड्यूटी पर उपस्थित रही। एसपी ने महिला हेल्प डेस्क पर मौजूद महिला कर्मचारी से दैनिक कार्यों की जानकारी ली और प्राप्त शिकायतों के बारे में पूंछताछ की। इसके बाद उन्होंने थाना कार्यालय में कार्यालख पर मौजूद आरक्षी विश्वदीपक, सीसीटीएनएस पर आरक्षी राजदेव से कार्यों की जानकारी ली और अभिलेखों को चेक किया व रखरखाव के लिए जरूरी निर्देश दिया।

मतदान केन्द्रों पर सुविधाओं की हुई समीक्षा, समय से बिजली, रैंप व बाउंड्री कराने का निर्देश

संवाददाता–महराजगंज। डीएम अनुनय झा ने मंगलवार को सभी मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं (एएमएफ) के संदर्भ में संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक की। कहा कि समय से पहले सभी केन्द्रों पर सुविधाओं को सुनिश्चित कर लें। उन्हों ने कहा कि शत–प्रतिशत बूथों पर बाउंड्री वॉल का निर्माण ग्राम पंचायतधनिकायों के माध्यम से सुनिश्चित कराएं। साथ ही बूथों पर रैंप निर्धारित मानकों के अनुसार कराएं। सभी बूथों पर साइनेज की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। विद्युत विभाग को सभी बूथों पर बिजली कनेक्शन उपलब्ध करवाने का निर्देश देते हुए कहा कि मतदान दिवस और मतदान के एक दिन पूर्व 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराएं।

डीएम ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि सुनिश्चित करें कि सभी बूथों पर हैंडपंप रीबोर हो जाएं। स्वास्थ्य विभाग को सभी मतदान केंद्रों पर आशा की तैनाती करने के साथ मेडिकल किट भी मतदान दिवस के लिए ससमय तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने गर्मी को देखते हुए हीट स्ट्रोक से बचाव के उपाय करने का भी निर्देश दिया। कहा कि मतदान के दिन प्रत्येक जोनल मजिस्ट्रेट के साथ एक मोबाइल मेडिकल वाहन की व्यवस्था आरबीएसके के माध्यम से सुनिश्चित करें, ताकि किसी मेडिकल इमरजेंसी में मरीज को तत्काल चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इसके अतिरिक्त प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक व्हील चेयर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें और मतदान केंद्रों पर 18 वर्ष के कम उम्र के वालंटियर्स को भी तैनात करें।

उन्होंने सभी एआरओ को निर्देशित किया कि वे स्वयं न्यूनतम 20 प्रतिशत बूथों का भौतिक सत्यापन कर लें। साथ ही सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को बूथों पर एएमएफ संबंधी कार्यों का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सर्वाधिक महत्वपूर्ण और संवेदनशील कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। अगर निर्वाचन कार्यों में कोई भी शिथिलता पाई जाती है, तो व्यक्तिगत जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही तय की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा, सभी एसडीएमध्बीईओ, डीआईओएस अमरनाथ राय, बीएसए श्रवण कुमार गुप्ता, डीपीओ दुर्गेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

श्री राम नाम संकीर्तन से सभी दुख दूर हो जाते हैं –ब्रह्मर्षि डा. वेदांती

–भारतीय बस्ती संवाददाता– अयोध्या। श्री राम मंदिर निर्माण के पहले भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर निरंतर 16 वर्षों श्री राम कथा खाने के बाद सुप्रीमकोर्ट के फैसला के बाद भारत में रामराज्य स्थापना के लिए परिक्रमा मार्ग स्थित हिंदूधाम में श्री राम कथा के आठवीं दिवस की बेला में ब्रह्मर्षि डॉ रामविलास दास वेदांती महाराज ने सुंदरकांड की कथा में हनुमान जी के चरित्रका वर्णन करते हुए कहा कि माता सीता को हनुमान जी महाराज ने कहाकि कि राम नाम संकीर्तन से सभी दुख दूर हो जाते हैं हे माता आप शोक ना करें जैसे ही प्रभु श्री राम को मैं यह समाचार दूंगा की माता सीता लंका में है और बहुत दुखी हैं रावण ने दो महीने का समय दिया है और अगर 2 महीने में उनको नहीं बचाया गया तो वह उनको मार देगा समाचार पाते ही प्रभु श्री राम बिना देर किए आपको बचाने के लिए लंका के लिए प्रस्थान कर देंगे। श्री महाराज जी ने बताया कि हनुमान जी महाराज ने प्रभु श्री राम की कथा और शौर्य गाथा सुना करके माता जानकी को धैर्य धारण करने के लिए कहा और जब माता जानकी को विश्वास हो गया की हनुमान हमारे प्रभु का अन्य सेवा है तब उन्होंने हनुमान जी महाराज को अपना पुत्र कहा और अजर अमर होने का आर्शीवाद दिया। श्री महाराज जी ने बताया की सीता ने इस लौकिक संसार में सारे नाते स्थापित किए थे पति, देवर, सास, ससुर लेकिन पुत्र का नाता किसी से नहीं बनाया था जब उन्हें हनुमान जी पर विश्वास हो गया और यह पता हो गया कि यह हमारे प्रभु का अनन्य भक्त है तब उन्होंने हनुमान जी महाराज को पुत्र बनाया और अजर अमर का वरदान दिया इसीलिए यह कहा जाता है कि हनुमान जी महाराज आज भी पृथ्वी पर प्रत्यक्ष रूप से विद्यमान है और जहां श्री राम कथा होती है कहां वह प्रत्यक्ष रूप से विराजमान रहते है। आज की कथा में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संगठन मंत्री दिनेश जी पहुंचे पूरी कथा श्रवण की और आरती उतारी। श्री महाराज जी के शिष्य वशिष्ठ पीठाधीश्वर महंत डॉ राघवेश दास वेदांती महाराज ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया गया।

भगवान का जन्म और विवाह एक साथ मनाया जाएगा –श्रीनिवास शास्त्री

–भारतीय बस्ती संवाददाता– अयोध्या। राम नगरी में भाग्यनगर सीताराम सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में 17 अप्रैल बुधवार को रामनवमी पर्व पर भगवान श्रीराम का पट्टाभिषेक कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जायेगा। पट्टाभिषेक को लेकर लगभग तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह कार्यक्रम का तीसरा वर्ष है। इस संबंध में अयोध्या भाग्यनगर सीताराम सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष आचार्य श्रीनिवास शास्त्री ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति वर्ष भी श्रीरामनवमी पर्व पर प्रभु श्रीराम का पट्टाभिषेक कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम का तीसरा वर्ष है। जो तुलसीबाडी स्थित मुरारी दास जी के स्थान पर हो रहा है। इससे पहले यह कार्यक्रम मणिरामदास छावनी के योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय प्रांगण समेत अन्य स्थान पर हो चुका है। अब श्रीरामलला सरकार भव्य, दिव्य, नूतन मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। भगवान के प्राण प्रतिष्ठा बाद यह पहला रामनवमी पर्व है। इसको लेकर हम श्रद्धालु–भक्तों में उत्साह छाया हुआ है। हम सब बहुत ही उल्लासित हैं। उन्होंने बताया कि श्रीरामजन्मोत्सव के दिन सुबह सर्वप्रथम मुरारी दास जी के स्थान से नौ बजे गाजे–बाजे संग भव्य यात्रा निकाली जायेगी। जो अयोध्याधाम के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनरू अपने गंतव्य मंदिर को वापस लौटेगी। उसके बाद सुबह दस बजे भगवान श्रीराम का कल्याणोत्सवधवेवाहोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जायेगा। सायंकाल चार बजे से प्रभु श्रीराम के पट्टाभिषेक का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम का 17 देशों में लाइव टेलिकास्ट किया जायेगा। महोत्सव में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के लगभग सौ की संख्या में भक्तगण शामिल हो रहे हैं। सभी भक्तगण अयोध्यानगरी पहुंच चुके हैं। श्रीरामजन्मोत्सव को लेकर भक्तगण बहुत ही मुदित हैं।

रैली निकालकर बच्चों को स्कूल भेजने का आह्वान

संवाददाता–गोण्डा। विकास खंड छपिया के ग्राम पंचायत पिपरा खुर्द में मंगलवार को इंग्लिश मीडियम माडल प्राइमरी स्कूल की ओर से स्कूल चलो अभियान आयोजित किया गया।

ग्राम पंचायत के मजरा रेहरवा से खुर्दी, पिपरा, नगरा में ग्राम प्रधान रामधीरज मौर्य के नेतृत्व में रैली निकाली गई। इस दौरान अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की गई। इसमें छात्र–छात्राएं, शिक्षक और ग्रामीण शामिल रहे ।

अदालती नोटिस
(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद
मूल वाद सं. 636/2021
रामनाथ
बनाम
मिथलेश खरे
बनाम–1– मिथलेश खरे पुत्र सुभाष चन्द्र खरे निवासी ग्राम– कैथाना/नया पुरवा पोस्ट– टेढी बाजार तहसील सदर परगना हवेली अवध जनपद– अयोध्या
तारीख पेशी 25–04–2024
चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 04 के 25 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 24 के माह के दिवस को निकाली गयी।
द0 हाकिम

अदालती नोटिस
(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद
मूल वाद सं. 687/2022
जयराम
बनाम
दूधनाथ
बनाम–1– दूधनाथ पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्राम– रामपुर हलवारा परगना हवेली अवध तहसील सदर जनपद– अयोध्या
तारीख पेशी 03–05–2024
चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 05 के 03 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 24 के माह के दिवस को निकाली गयी।
द0 हाकिम

अदालती नोटिस
(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद
मूल वाद सं. 1300/2023
रामधीरज
बनाम
जियाराम आदि
बनाम–1– जियाराम पुत्र हरीराम 2– शिव प्रसाद 3– कामता प्रसाद पुत्रगण राजकिशोर 4– अम्बिका प्रसाद पुत्र देवता प्रसाद 5– श्रीमती अनारा पत्नी सन्तसरन 6– श्रीमती सुनीता देवी पत्नी रामधीरज समस्त निवासीगण ग्राम– ददेरा परगना हवेली अवध तहसील सदर जनपद– अयोध्या
तारीख पेशी 27–04–2024
चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 04 के 27 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 24 के माह के दिवस को निकाली गयी।
द0 हाकिम

अदालती नोटिस
न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद के द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा
अर्न्तगत धारा 372 उत्तराधिकार अधि0
M.N.R.N0. 8/2024
महाबीरदास
बनाम
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय फैजाबाद हर खासो आम
मृतक–सियाराम दास निवासी लवकुश नगर शहर अयोध्या परगना– हवेली अवध तहसील सदर जिला – अयोध्या
मृत्यु दिनांक–30/04/2022
पेशी दिनांक– 05–05–2024
अपने मृतक को देय ऋण औरं प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिये उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये प्रार्थना–पत्र के अर्न्तगत धारा 372 अधिनियम संख्या 39 सन 1925 ई0।
चूंकि श्री निवासी ग्राम परगना तहसील जिला ने उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र की अभिप्राप्ति के लिये आवेदन किया और 2024 के माह 05 के 05 दिवस का आवेदन की सुनवाई के लिये तिथि निश्चित की गयी है।
अतः यह उद्घोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा न्यायालय सिविल जज जू0डि0 सदर फैजाबाद के न्यायालय में दिनांक 05–05–2024 को अपरान्ह 10 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा उक्त तिथि के अवसान पर किसी की कोई आपत्ति नहीं सुनी जायेगी और प्रार्थना पत्र पर यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।
आज दिनांक माह सन ई0 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।
द0 हाकिम

अदालती नोटिस
न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद के द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा
अर्न्तगत धारा 372 उत्तराधिकार अधि0
M.N.R.N0. 51/2024
उमेश आदि
बनाम
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय फैजाबाद हर खासो आम
मृतक–राम गोपाल पुत्र झींगुर निवासी वार्ड नं. 10 तेलियागढ गोसाईगंज परगना– अमसिन तहसील सदर जिला – अयोध्या
मृत्यु दिनांक–11/05/2021
पेशी दिनांक– 06–05–2024
अपने मृतक को देय ऋण औरं प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिये उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये प्रार्थना–पत्र के अर्न्तगत धारा 372 अधिनियम संख्या 39 सन 1925 ई0।
चूंकि श्री निवासी ग्राम परगना तहसील जिला ने उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र की अभिप्राप्ति के लिये आवेदन किया और 2024 के माह 05 के 06 दिवस का आवेदन की सुनवाई के लिये तिथि निश्चित की गयी है।
अतः यह उद्घोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो वह स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा न्यायालय सिविल जज जू0डि0 सदर फैजाबाद के न्यायालय में दिनांक 06–05–2024 को अपरान्ह 10 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा उक्त तिथि के अवसान पर किसी की कोई आपत्ति नहीं सुनी जायेगी और प्रार्थना पत्र पर यथोचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।
आज दिनांक माह सन ई0 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।
द0 हाकिम

पत्रकारों ने कराया फलाहार

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। रामनवमी के उपलक्ष्य में प्रेस क्लब की ओर से पत्रकारों को फलाहार कराया गया। वरिष्ठ पत्रकारों ने कार्यक्रम के आयोजन के लिय प्रेस क्लब कार्यकारिणी को साधुवाद दिया और साथियों को पर्व की शुभकामनायें दिया। वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्रनाथ तिवारी ने कहा हमें बस्ती के महत्व को समझने की जरूरत है। बस्ती वह धरती है जो राम जन्म का कारण बनी, इसी धरती पर राम को गुरू वशिष्ठ ने ऐसा गढ़ा कि वे मर्यादा पुरूषोत्तम हो गये। इसलिये बस्ती को कभी कमतर न आंके। उन्होने पर्व की शुभकामनायें दिया। वरिष्ठ पत्रकार दिनेश चन्द पाण्डेय ने कहा प्रेस क्लब ने जो परंपरा शुरू की उसे लगातार निभा रहा है, इसकी जितनी सराहना की जाये कम है। कार्यक्रम को प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय, महामंत्री महेन्द्र तिवारी, सूचना निदेशक प्रभाकर तिवारी, अंकुर वर्मा, पुनीतदत्त ओझा, सरदार जगदीर, अशोक श्रीवास्तव, सीपी शर्मा, संध्या दिक्षित आदि ने सम्बोधित किया।

शुरूआत कवियित्री अर्चना श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत वंदना से हुई। इससे पहले वरिष्ठ पत्रकारों ने सरस्वती के चित्र पर मार्ल्यापण कर उन्हे नमन किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुये प्रेस क्लब महामंत्री महेन्द्र तिवारी ने कहा कि सभी के सहयोग से परंपरायें जीवंत हैं, आग भी प्रेस क्लब की ओर से ऐसे रचनात्मक आयोजन जारी रहेंगे। अनुराग श्रीवास्तव, रामकुमार, अशोक कुमार, ओंकारनाथ मिश्रा, गौकरन पांडे, आशुतोष मिश्रा, अतुल मिश्रा, टीपू, अतुल सोनी, सरुेश सिंह गौतम, राजेन्द्र उपाध्याय, सर्वेश श्रीवास्तव, रामसजीवन दूबे, शिवराम गुप्ता, लालूप्रसाद, सतेन्द्र पटेल, जीशान हैदर, मजहर आजाद, संतोष सिंह, विपिन बिहारी तिवारी, बजरंग प्रसाद शुक्ला, राकेश तिवारी, महेश तिवारी, अभिषेक गौतम, डा. वीके वर्मा, राजेश चित्रगुप्त, दिनेश मास्टर, अजय श्रीवास्तव, हरिओम लल्ला, दिनेश पाण्डेय, दिनेश सिंह, लवकुश यादव, पराशर पाण्डेय, रमेश मिश्रा, श्रीप्रकाश श्रीवास्तव, संदीप गोयल, संतोष तिवारी, राजेश पाण्डेय, संतोष श्रीवास्तव, शिवराज सिंह, कपीश मिश्रा, श्रीप्रकाश गुप्ता, शहंशाह आलम, विश्राम प्रसाद, दिलीप पाण्डेय राधेश्याम दूबे, जयप्रकाश उपाध्याय आदि की मौजूदगी रही।

निर्मल मन जन सो मोहि पावा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। रामायण और महाभारत की कथाएं हमें जीवन जीने की सीख देती हैं। रामायण की मुख्य कहानी तो हम सब पढ़ते, सुनते और देखते हैं। रामायण के हर पात्र से कुछ न कुछ सीख मिलती है। इसमें वर्णित घटनाएं भी हमें जीवन जीने और रिश्ते निभाने की कला सिखाती हैं। रावण एक प्रवृत्ति है। उसके अंत के लिये श्रीराम की शरण लेना पड़ता है। साधारण मनुष्य और परमात्मा में यही अन्तर है कि परमात्मा जिसे मारते हैं उसे तारते भी हैं। श्रीराम अति सहज है। **निर्मल मन जन सो मोहि पावा। मोहि कपट छल छिद्र न भावा।।** वे शरणागत की रक्षा करते हैं। रावण के अत्याचारों से त्रस्त होकर विभीषण जब श्रीराम के शरण में आये तो उन्होने विभीषण को गले लगा लिया। यह सद् विचार कथा व्यास अंकितदास ने श्रीराम जानकी मंदिर निपनिया चौराहा में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त दसकोलवा में आयोजित 9 दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ और श्रीराम कथा को विश्राम देते हुये व्यक्त किया।

कथा व्यास ने स्थानीय

–9 दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ और श्रीराम कथा

श्रद्धालुओं का आवाहन किया कि ब्रम्हलीन बाबा महादेव दास की प्रतिमा स्थापित कराया जाय जिससे लोग प्रेरणा लें।

यज्ञाचार्य प्रभात शास्त्री, नीरज शास्त्री, आशुतोष दास ने मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के बाद ऋंगार, पूजन कराने के साथ ही भक्तों को दर्शन के महत्व की जानकारी दिया। यजमानों के साथ दर्शन, पूजन और शिखर स्नान विधि विधान से सम्पन्न हुआ। ब्रम्हलीन बाबा महादेव दास की स्मृति में आयोजित 9 दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान में मुख्य रूप से प्रभात शास्त्री, आशुतोष दास, आदित्यदास, नीरज दास, ऋतिक दास, ओम नरायन, संगम शुक्ल, मुख्य यजमानगण दयाशंकर, राजकुमारी, नागेन्द्र मिश्र , राम सोहरत, शान्ती देवी, कौशल कुमार, कुसुम, सुनील पाण्डेय, मीरा देवी, सुल्ताना बाबा, सरोज मिश्र के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल रहे।

बच्चों को मिली किताबें, खिले चेहरे

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

पौली (संतकबीर नगर)। पौली विकास क्षेत्र पौली के माडल प्राथमिक विद्यालय बघईपुर में निःशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षाधिकारी अर्जुन प्रसाद वर्मा व प्रधानाध्यापक विनोद पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र पर मलयार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन प्रसाद वर्मा ने कहा शिक्षा सत्र शुरू होते ही सभी विद्यालयों को पुस्तक के मुहैया करा दी गई है। पुस्तक ज्ञान का भंडार है सभी शिक्षकों को पुस्तक का सहारा लेकर शिक्षण कार्य करना चाहिए। जिससे बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त हो। हमारे शिक्षक लगन और निष्ठा से शिक्षण कार्य कर रहे हैं जिसका फल हमें प्रत्येक विद्यालयों पर देखने को मिल रहा है। परिषदीय विद्यालयों की दशा पूर्ण रूप से बदल चुकी है।

प्रधानाध्यापक राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विनोद कुमार पाण्डेय ने हा कि 155 पंजीकृत छात्र–छात्राओं में से 106 बच्चों का पुस्तक मिला था जिसे वितरित कर दिया गया है। कुछ बच्चे अवशेष हैं पुस्तक मिलते ही इन बच्चों को भी दिया जाएगा। पहली बार शिक्षा पत्र के प्रारंभ होते ही पुस्तक मिल गया। जिससे अब बच्चों का पाठ्यक्रम नही पिछडेगा। बच्चे बहुत ही प्रफुल्लित हैं। कार्यक्रम में ऋषि शंकर यादव, देवी चरन, महेंद्र यादव, आज्ञा राम, बबलू, सुमित्रा, ईशा व माधुरी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

चुनाव प्रचार की व्यस्तता के बीच सीएम योगी ने की गोसेवा

संवाददाता–गोरखपुर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रचार में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोशाला का भ्रमण कर उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से रोटी–गुड़ खिलाया। सोमवार को बिहार में चुनाव प्रचार करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर पहुंचे। मंगलवार पूर्वाह्न पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार में जाने से पूर्व उन्होंने सुबह गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन–पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद सीएम मंदिर की योगी गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। सीएम योगी की आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते–मचलते हुए उनके पास आ गए। मुख्यमंत्री ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और गर्मी के मौसम में विशेष देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

चौरीचौरा में आग से सैकड़ों एकड़ गेंहू की फसल राख

संवाददाता–गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील के झंगहा थानाक्षेत्र ग्राम पंचायत बसुही के सिवान में अज्ञात कारणों से गेहूं की खडी फसल में अज्ञात लग गई। देखते ही आग की लपटें बिकराल रुप ले लिया और पड़ोस के जयरामकोल, सिलहटा मुण्डेरा व बडहरा राजधानी तक आग पहुंच गई। इससे सैंकड़ों एकड़ गेंहू की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंच गए। लेकिन आग की लपटों से हिम्मत नही जुटा पा रहे थे।

दमकल की गाड़ी पहुंची। तमाम ग्रामीण दमकल की गाड़ी पर ही सवार होकर दमकलकर्मियों के सहयोग में लग गए। तीन घंटे से दमकल की गाड़ी व ग्रामीण आग को बुझाने में लगे रहे। सूचना पर एसडीएम प्रशांत वर्मा, झंगहा पुलिस, नायब तहसीलदार जाकिर हुसैन, राजस्वकर्मी भी पहुंच गए। घटना को लेकर एसडीएम ने पीड़ित किसानों से वार्ता की। उन्होंने नुकसान का आकलन कराने के लिए राजस्वकर्मियों को निर्देश दिया।

बैंक एकाउंट से 25 लाख की धोखधड़ी में तीन पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता–गोरखपुर। झंगहा क्षेत्र के लक्ष्मीपुर अंबेडकर टोला निवासी लालचंद ने एडीजी जोन से उनके बैंक खाते से 25 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। एडीजी ने झंगहा पुलिस को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

झंगहा पुलिस ने अभिलेखीय रिपोर्ट एसएसपी को सौंपा था। जिसमें लालचंद की तहरीर पर सोमवार की रात में बैंक खाते से धोखाधड़ी के आरोपी लक्ष्मीपुर निवासी रामरेखा पुत्र पारस, धर्म्मेंद्र सिंह पुत्र सत्यनारायण व राम सकल पता अज्ञात के खिलाफ धारा 406, 420, 423, 504 व 506 के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। लालचंद ने दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि वह बंगाल के एक स्टील प्लांट में नौकरी करते थे। वर्ष 2017 में वह रिटायर होकर घर आ गए। उनके खाते में सेवा लाभ का 48 लाख रुपए खाते में आया। यह जानकारी उनके गांव के ही दो युवक उनके पास आये और बीमा एजेंट के जरिये खाते में पैसा जमा करके बीमा कराने को कहा। वह मना करते रहे। बार बार दबाव बनाने पर बीमा एजेंट ने तीन चेक के माध्यम से 21.60 लाख जमा कराया। उनका कहना है कि वह पढ़े लिखे नहीं है। जहां जहां पर हस्ताक्षर बोला वहां पर करते गए। इसके बाद एक और चेक से 2.21 लाख रुपया ले लिया और कोई पालिसी बांड नही दिया। उनके खाते के चेक पर फर्जी हस्ताक्षर करके उनके बैंक खाते से कुल 25 लाख रुपये की धोखधड़ी की गई है। उन्हें बाद में पता चला कि उनके बैंक एकाउंट में पैसा ही नही है। उन्होंने स्टेटमेंट निकलवाया तो उन्ही गांव के रामरेखा व रामसकल द्वारा कई बार मे पैसा निकालने का रिपोर्ट आया।

झंगहा थानेदार सूरज सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मां की गवाही पर गोली मारने के आरोपी बेटे को सात वर्ष का कारावास

संवाददाता–संतकबीरनगर। संतकबीरनगर जिले के बंदूक मांगने के विवाद में बड़े भाई को गोली मारने के आरोपी को मां की गवाही पर अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रमेश दूबे की कोर्ट ने सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी इलियास पर सजा के अतिरिक्त दस हजार रुपए के अर्थदण्ड का भी फैसला सुनाया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

मामला जिले के बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम सोनौरा का है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विवेक प्रताप सिंह व वादी के अधिवक्ता कोमल प्रसाद चौधरी ने बताया कि प्रकरण में पीड़ित के चचेरे भाई ताहिर पुत्र मोहम्मद अजीम ने अभियोग पंजीकृत कराया था। वादी का आरोप था कि मेरे चचेरे भाई इबरार अहमद पुत्र हाजी अब्दुल रहीम मुम्बई में लकड़ी का कारोबार करते हैं। एक सप्ताह पहले वह मुम्बई से आए हैं। मुम्बई जाते समय वह अपनी दो नाली लाइसेंसी बंदूक अपनी मां कुतुबुन्निशा को देकर गए थे। लगभग छह माह पूर्व इबरार अहमद के छोटे भाई इलियास अहमद पुत्र हाजी अब्दुल रहीम अपनी मां को बहला फुसलाकर बंदूक अपने कब्जे में रख लिया था। मुम्बई से लौटने के बाद वह अपने भाई से बंदूक वापस मांगने लगे।

वह आनाकानी करने लगा और जान से मारने की धमकी दी। काफी जद्दोजहद के बाद 30 मई 2010 को बंदूक वापस करने का वादा किया। मेरे चचेरे भाई इबरार अहमद उस दिन शाम को अपने दरवाजे पर तख्ते पर बैठे थे। उनके साथ उनकी मां कुतुबुन्निशा और हकीमुल्लाह पुत्र शहजाद निवासी सईं बुजुर्ग भी बैठे थे। शाम साढ़े पांच बजे इलियास अहमद दो नाली लाइसेंसी बंदूक लेकर आया और कहा कि तुमको बंदूक वापस चाहिए न कहते हुए जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। गोली उनके बांये तरफ पेट में लगी और वह गिर पड़े। पुलिस ने हत्या के प्रयास एवं जान से मारने की धमकी का अभियोग पंजीकृत करके विवेचना के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि अभियोजन ने कुछ गवाह प्रस्तुत किया। पक्षों की बहस सुनने के पश्चात एडीजे रमेश दूबे की कोर्ट ने गोली मारने के आरोप में दोष सिद्ध करार देते हुए सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। जबकि जान से मारने की धमकी के आरोप में दोषमुक्त कर दिया।

अवालती नोटिस

इत्तिलानामा दरख्वास्त हुसूल हुक्म मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश

(आर्डर 9 कायदा 9) (2)

अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती जिला–बस्ती

मूलवाद सं0– 260/2014

प्रकीर्णवाद सं0–32/2022

प्रमोद कुमार

बनाम

ज्ञानमती

1/1 रामकिशुन उम्र 70 वर्ष पुत्र रामबनारस 1/2 राजेश उम्र 48 वर्ष पुत्र रामकिशुन 1/3 सूर्यनाथ उम्र 46 वर्ष पुत्र रामकिशुन 1/4 देवेन्द्र कुमार उम्र 41 वर्ष पुत्र रामकिशुन साकिनान मौजा कुरियार तप्पा कुरियार परगना महुली पश्चिम तहसील बस्ती जिला–बस्ती

तारीख पेशी 09–05–2024

हरगाह मुद्दई मजकुरूसदर ने इस अदालत में दरख्वास्त हुकूम मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश नाबुदा हस्ब हिदायत अदालत हाजा बतारीख माह सन ई0 पेश को है।

लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप इस अदालत में बतारीख 09 माह 05 सन 2024 या असालतन या बजरिये वकील अदालत हाजा या मुख्तार मजाज हस्ब जाप्ता और वाकिफ हाल मुकदमा में हाजिर होकर वजह (अगर कोई हो) जाहिर करें कि नाबुर्दा की दरख्वास्त क्यों न मन्जूर किया जाय।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 16 माह 04 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

अवालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती

वाद सं0 1110/2023

शिव कुमार

बनाम

गजाधर आदि

1. गजाधर 2. रामदीन पुत्रगण राम आसरे निवासीगण ग्राम कड़सरा तप्प पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

तारीख पेशी 03–07–2024

चूंकि उपरीनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 07 के 03 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 20 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

अवालती नोटिस

सम्मन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफ्फा

(आर्डर 22, कायदा 4)

न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती

मुत0वाद सं0 246/2018

प्रहलाद

बनाम

सुधरा

जोखू पुत्र बाबूराम साकिन मिश्रौलियाधीश तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

तारीख पेशी 25–04–2024

हरगाह मुद्दई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख माह सन 20 ई0 बनाम मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद की मौत हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजारी है कि आप मुतवफ्फा मजकूर का कायम मुकाम कानूनी वारिस है और चाहता है कि बजाय उसके मुद्दाअलेह बनाये जांय।

लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 25 माह 04 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे इस अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर जबाबदेही कीजिये और अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

पेड़ से लटकता मिला एक व्यक्ति का शव

संवाददाता–संतकबीरनगर। संतकबीरनगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र के खरचा गांव में सोमवार की देर रात एक व्यक्ति का पेड़ से लटकता शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की पहचान इसी गांव के निवासी हरिओम पुत्र रामखेलावन पान्डेय के रूप में हुई।

स्थानीय थाना क्षेत्र के खरचा गांव में सोमवार की देर रात एक व्यक्ति की पेड़ से लटकती हरिओम के लाश देख गांव के कुछ लोगों ने शोर मचाया। मौके पर गांव वालों के साथ हरिओम के परिजन भी पहुंचे तो दृश्य देख अवाक रह गए। इसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर शव को कब्जे में ले लिया।

हरिओम के पिता ने पुलिस को बताया कि उनके चार लड़के हैं। सबसे बड़ा धनंजय और हरिओम घर पर रहते है। दो लडके विक्रम, राहुल परिवार का खर्च चलाने के लिए दिल्ली में रहते हैं। हरिओम की लगभग बीस वर्षों से मानसिक बीमारी की दवा दिल्ली से हो रही है। अक्सर यह मानसिक रूप से बीमार रहते थे। सोमवार को शाम को घर से निकला था। देर होने पर हम लोग इधर–उधर तलाश कर रहे थे। रात में शोर सुन कर यहां पहुंचे तो देखा हरिओम पेड़ से लटका हुआ है। चौकी प्रभारी रजनीश राय ने बताया कि शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत

संवाददाता–गोरखपुर। गुलरिहा थाना के बिस्टौली में सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्राम सभा बिस्टौली निवासी अवधेश चौधरी ने गुलरिहा पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरे भाई मुन्नीलाल (58) रविवार की सुबह आठ बजे सड़क पकड़ कर जा रहे थे उसी बीच किसी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे जमीन पर गिर कर तड़पने लगे चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। परिवार के लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई। गुलरिहा पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

बच्चों में विवाद पर बचाव में गए युवक पर हमला

संवाददाता–गोरखपुर। खजनी क्षेत्र के गाजर बंसमन में बच्चों की लड़ाई में बचाव करने गए युवक को दबंगों ने मारकर सिर फोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। खजनी क्षेत्र गाजर बंशमन गांव में सोमवार की देर रात अभिषेक निषाद का गांव के तिलक पार्टी में संदीप नामक बच्चे से झगड़ा हो गया। बीच बचाव करने गए श्रवण कुमार ने दोनों बच्चों को डांट कर वहां से हटा दिया। अभिषेक ने अपने परिवार के लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद दीपक, श्यामू, राकेश, गोलू, शलील, साधु आदि ने श्रवण पर हमला बोल दिया। इसमें श्रावण का सिर फट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर कार्रवाई कर रही है।

अवालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

मूलवाद सं0 53/2023

अदालत–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) बस्ती जिला–बस्ती

रामप्रीत

बनाम

हरिश्चन्द्र आदि

1. हरिश्चन्द्र पुत्र रामसरन साकिन बैडारी मुस्तहकम पोस्ट बैडारी मुस्तहकम तप्पा चरकौला परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला बस्ती 2. रामललित 3. रवीन्द्र कुमार 4. वीरेन्द्र कुमार पुत्रगण दयाराम निवासीगण ग्राम बैडारी मुस्तहकम पोस्ट बैडारी मुस्तहकम तप्पा चरकौला परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला बस्ती

तारीख पेशी 16–05–2024

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 16 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

अवालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

मूलवाद सं0 465/2021

अदालत–श्रीमान पंचम अति0 सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती

राजेश

बनाम

सुरेशचन्द्र आदि

1. सुरेश चन्द्र 2. सुभाष सोनकर पुत्रगण रामअचल निवासीगण ग्राम गनेशपुर तप्पा गनेशपुर परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती

तारीख पेशी 16–05–2024

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 16 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

अवालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

मूलवाद सं0 179/2022

अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती

छोटेलाल

बनाम

दूधनाथ आदि

1. दूधनाथ उम्र 45 वर्ष 2. सूर्यनाथ उम्र 40 वर्ष पुत्रगण सिपाही निवासीगण ग्राम भीवापार तप्पा आदमपुर परगना रसूलपुर पोस्ट व तहसील भानपुर जिला–बस्ती

–प्रतिवादीगण प्रथम वर्ग

3. टीहुल उम्र 50 वर्ष 4. रामकिशोर उम्र करीब 40 वर्ष पुत्रगण लालता निवासीगण ग्राम भीवापार तप्पा आदमपुर परगना रसूलपुर पोस्ट व तहसील भानपुर जिला–बस्ती

–प्रतिवादीगण द्वितीय वर्ग

तारीख पेशी 03–05–2024

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 03 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

अवालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

मूलवाद सं0 150/2015

प्रकीर्णवाद सं0 293/2022

अदालत–श्रीमान पंचम अति0 सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती

छंगुरा देवी

बनाम

प्रेमचन्द्र आदि

1. प्रेमचन्द्र पुत्र परदेशी 2. श्रीमती शान्ती देवी पत्नी प्रेमचन्द्र 3. राम सुमेर पुत्र चैतू 4. श्रीमती सुनीता देवी पत्नी रामसुमेर 5. प्रकाश पुत्र रामसुमेर 6. लल्लू पुत्र रामसुमेर 7. बबलू पुत्र रामसुमेर 8. पूरन पुत्र रामसुमेर 9. हरीश पुत्र रामसुमेर 10. सीताराम पुत्र पांचू समस्त निवासीगण ग्राम बेमहरी तप्पा मनवरपारा परगना नगर पश्चिम तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

तारीख पेशी 28–05–2024

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 28 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

दैनिक भारतीय बस्ती

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**

संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**

अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय– चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद

लखनऊ कार्यालय– आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।

गोरखपुर कार्यालय– इलाहीबाग गोरखपुर।

मो09450567450 9336715406,

ई.मेल**bhartiyabasti@yahoo.com**

bhartiyabasti@gmail.com